राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। शुक्रवार • 26 नवम्बर • 2021 राष्ट्रीय सहारा www.rashtriyasahara.com

विदेशी बच्चों को दाखिले के लिए सीबीएसई के अप्रूवल की जरूरत नहीं

नई दिल्ली (एसएनबी)। विदेश में पढ़ने वाले भारत समेत किसी भी देश के बच्चे जो सीबीएसई स्कूल में दाखिला लेना चाहते हैं, उन्हें अब दाखिले को लेकर बोर्ड से किसी तरह की अनुमति की जरूरत नहीं होगी। सीबीएसई ने बृहस्पतिवार को कहा है कि कोरोना महामारी के बाद कई छात्र विदेश से भारतीय स्कूलों में आकर दाखिला ले रहे हैं। लिहाजा जो छात्र विदेशी शिक्षा बोर्ड में पढ़ रहे हैं, उन्हें अब तक सीबीएसई स्कूलों में दाखिले के लिए बोर्ड से स्वीकृति लेनी होती थी, यह स्वीकृति दाखिले के दौरान स्कूल द्वारा ही ली जाती थी, लेकिन अब 9वीं से 12वीं कक्षाओं में दाखिले के लिए इस व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक कहा कि इससे न सिर्फ छात्रों को राहत मिलेगी, बल्कि स्कूलों के लिए ऐसे छात्रों को दाखिला देना आसान रहेगा।